डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार सेक्टर–11 सीतापुर रोड, लखनऊ

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2023 / 20834 दिनांकः 22-9-, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ
से सम्बद्ध एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0
पाठ्यक्रम संचालित करने वाले समस्त निजी क्षेत्र में स्थापित प्राविधिक संस्थान।

विषयः संस्थानों में सत्रः 2023–24 एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रम में **''डायरेक्ट एडमीशन''** के अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सम्बंधित हितधारकों को अवगत कराना है कि ''डायरेक्ट एडमीशन'' हेतु एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम अर्हता वही होगी जो सम्बंधित नियामक संगठन (ए0आई0सी0टी0ई0 / सी0ओ0ए0) द्वारा प्रावधानित हैं। प्री–रजिस्ट्रेशन दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 से दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 तक कराना सुनिश्चित करें।

पंजीकरण प्रक्रिया के इच्छुक अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई0आर0पी0 माड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध पंजीकरण व्यवस्था के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क निम्नानुसार आनलाइन भुगतान अनिवार्य होगा।

गेट (GATE)/ CUET(PG) में सम्मिलित एवं क्रमांक धारक विद्यार्थी :–

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त अभियर्थी	रु. 1000 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी	रु. 500 / –

प्रवेश के इच्छुक वे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने गेट (GATE)/ CUET(PG) की परीक्षा नही दी है परन्तु प्रवेश के इच्छुक है। एवं प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारण करते है।

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी के समस्त पुरुष अभ्यर्थी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के अभियर्थी	रु. 2300 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी तथा समस्त वर्ग की महिला अभ्यर्थी	रु. 1150 / –

एम0टेक0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता उन अभ्यर्थियों को अनुमन्य की जायेगी जिन्होने सम्बन्धित विधा में गेट (GATE)/ CUET (PG) की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

अतः उक्त से अवगत होते हुए समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियन्त्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव (नामांकन एवं संबद्धता), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें
5. स्टाफ आफीसर, मा0 कुलपति महोदय ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव